डेली हिन्दी मिलाप

February 20, 2017

'खोज बेहतर शिक्षा की बुनियाद'

हैदराबाद, 19 फरवरी-(मिलाप ब्यूरो)

जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी, सोनीपत के सेंटर फॉर इनोवेटिव लीडरशिप एंड चेंज के निदेशक डॉ. संजीव पी. साहनी ने कहा कि बच्चों में सीखने की बुनियाद स्कूली शिक्षा के दौरान ही रखी जाती है। यदि उनमें खोज की प्रवृत्ति का विकास किया जाए, तो वे ज्ञान की सही दिशा में प्रवृत्त होंगे।

डॉ. साहनी यहाँ शिक्षकों के लिए स्कूली शिक्षा में बेहतर अध्यापन पद्धतियों की खोज के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्कूली शिक्षा के दौरान बच्चों को खोज के लिए प्रेरित किया जा सकता है। शिक्षकों को ऐसे तौर-तरीके अपनाने होंगे, जिससे बच्चों का ध्यान उस ओर आकर्षित हो। उनमें रटने की प्रवृत्ति को छोड़ प्रश्न पूछने वाली प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करना होगा। डॉ. साहनी ने कहा कि दुर्भाग्य से भारत में अलग-अलग बच्चों की ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए शिक्षा की पद्धतियों के विकास की ओर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया गया है। विद्यार्थियों को जबर्दस्ती बने बनाये तरीके से पढ़ने के लिए मजबूर किया जा रहा है। अवसर पर वरिष्ठ ट्रेनर इंद्राणी लाहिरी ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद थे। शिक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर उनका मार्गदर्शन किया गया।